<u>प्रेस विज्ञप्ति</u>

गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय
<u>पंतनगर, जिला– ऊधमसिंह नगर (उत्तराखण्ड)</u>

<u>महामहिम राज्यपाल आज पंतनगर में देंगे दीक्षांत व्याख्यान</u>

पंतनगर। 6 अप्रैल 2026। पंतनगर विश्वविद्यालय में 7 अप्रैल 2026 को आयोजित होने वाले 37वें दीक्षांत समारोह में उत्तराखण्ड के महामहिम राज्यपाल एवं विश्वविद्यालय के कुलाधिपति, ले.ज. गुरमीत सिंह मुख्य अतिथि होंगे और समारोह की अध्यक्षता करेंगे। इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि माननीय कृषि एवं कृषक कल्याण मंत्री श्री गणेश जोशी; माननीय सांसद, नैनीताल श्री अजय भट्ट मंचासीन होंगे। प्रातः 11:00 बजे से गांधी हाल में प्रारम्भ होने वाले इस दीक्षांत समारोह में माननीय कुलाधिपति द्वारा 1395 विद्यार्थियों को उपाधि व दीक्षा प्रदान की जायेगी। इस अवसर पर एक सर्वोत्तम विद्यार्थी को कुलाधिपति के स्वर्ण पदक से सम्मानित किया जायेगा। इसके अतिरिक्त कुलपति के 13 स्वर्ण पदक 12 रजत पदक एवं 10 कांस्य पदक भी विभिन्न विषय के सर्वोत्तम स्नातकों को प्रदान किये जायेंगे। विभिन्न क्षेत्रों में उत्कृष्ट कार्य के लिए एक–एक विद्यार्थी को सरस्वती पांडा अवार्ड, श्रीमती नागम्मा शान्ताबाई अवार्ड, डा. राम शिरोमणि तिवारी अवार्ड, दो विद्यार्थी को चौधरी चरण सिंह मैमोरियल इंटेलेकच्यूअल अवार्ड एवं पूरण आनन्द अदलखा अवार्ड तथा दो विद्यार्थी को भारत रत्न पण्डित गोविन्द बल्लभ पन्त अवार्ड से विद्यार्थियों को सम्मानित किया जायेगा। उपाधि व पदक प्रदान करने की प्रक्रिया के बाद माननीय कुलाधिपति द्वारा उपाधि प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को दीक्षा भाषण से संबोधित किया जायेगा। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के प्रबन्ध परिषद् एवं विद्वत परिषद् के सदस्य विद्वत शोभा यात्रा में सम्मिलित होंगे। दीक्षांत समारोह की सभी तैयारियां लगभग पूर्ण हो चुकी हैं। आज फुल अपराह्न में कुलपति की अध्यक्षता में विद्वत शोभा मण्डल का फुल ड्रेस रिहर्सल हुआ।